सार-समाचार

आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

बूंदी। महिला अधिकारिता विभाग, बूंदी द्वारा 13 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास, बूंदी में आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सहायक निदेशक भैरू प्रकाश नागर ने राष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए महान स्वतंत्रता सेनानी एवं कवयित्री सरोजिनी नायडू की जीवनी एवं उनके योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दिवस महिलाओं के अधिकार, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु मनाया जाता है। इस अवसर पर छात्रावास की बालिकाओं को किट वितरित की गई।पर्यवेक्षक प्रमिला ने महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने के लिए प्रेरित करते हुए शिक्षा और जागरूकता को सफलता की कुंजी बताया। जेंडर स्पेशलिस्ट विनिता अठावाल ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना एवं लाडो प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की केंद्र प्रबंधक पूर्णिमा गौतम ने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न केंद्रों की जानकारी प्रदान की। सामाजिक परामर्शदाता सलोनी शर्मा एवं अक्षिता मिश्रण ने महिला सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र और सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। विधिक परामर्शदाता प्रिया मिश्रण ने बालिकाओं को पोक्सो एक्ट के प्रावधानों एवं कानूनी संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक मोनिका सुमन तथा छात्रावास की स्टाफ, छात्राएं उपस्थित रहीं।

देहदान बढ़ाने वाली प्रमुख संस्था बनी शाईन इंडिया

कोटा, (निसं)। हाड़ौती संभाग में नेत्रदान अंगदान और देहदान के लिए वर्ष 2011 से अनवरत कार्य कर रही संस्था शाईन इंडिया फाउंडेशन ने देहदान के क्षेत्र में भी, अपना उत्कृष्ट आयाम स्थापित किया हैं। 3 वर्षों से, देहदान के क्षेत्र में कार्य करने के बाद अभी तक संस्था के साथ पूरे हाडोती संभाग से 350 व्यक्तियों ने अपना देहदान का संकल्प पत्र भरा हुआ हैं। साथ ही अब तक 70 देहदान भी, संस्था के माध्यम से न सिर्फ हाड़ौती के मेडिकल कॉलेज को बल्कि शहर से दूरदराज के मेडिकल कॉलेज में भी संस्था के माध्यम से देहदान संपन्न हुए हैं। परिवार के सदस्यों के बीच में भरा जाता है संकल्प-पत्र, जिससे अंतिम समय में कोई व्यवधान न हो संस्थापक डॉ.कुलवंत गौड़ बताते हैं कि, जब भी संस्था के पास कोई देहदान का संकल्प पत्र भरने की इच्छा जाहिर करता है, संस्था सदस्य परिवार के मुखिया से बात कर समय निश्चित कर, परिवार के सदस्यों की पूरी तरह समझाईश करने के बाद ही, संकल्पकर्ता का देहदान संकल्प भरवाते हैं, देहदान से संबंधित सारी जानकारी को घर परिवार के सभी सदस्यों को अच्छे से विस्तार से बताते हैं, जिससे जब भी शोक का समय आता है, तब परिवार स्व:प्रेरणा से प्रेरित होकर स्वयं संस्था को संपर्क कर, देहदान के कार्य में सहयोग करें। देहदान संकल्प लेने के इसी क्रम में, बीते दिनों बजरंग नगर निवासी सेवानिवृत शिक्षक बिरधी लाल मेरोड्ढा ने 2 वर्ष तक अपनी पत्नी सुशीला देवी और बेटे रवि को देहदान के पुण्य कार्य के बारे में समझाया, उसके बाद डॉ.कुलवंत ने घर पहुंच के परिवार के सभी सदस्यों के बीच में बिरधी लाल का देहदान संकल्प पत्र भरवाया। इसी तरह से देहदान के लिए, शाईन इंडिया के साथ सहयोगी संस्था के रूप में कार्य कर रही, रजत सेवा संस्थान के अध्यक्ष निर्मल दीक्षित के माध्यम से दादाबाड़ी निवासी, सूचना सहायक रश्मि अग्रवाल का देहदान संकल्प पत्र भरा गया। ज्ञात हो कि जब भी कभी, कोई परिजन दिवंगत के देहदान के लिए संस्था को संपर्क करते हैं तो सूचना मिलते ही संस्था के कुछ सदस्य शोकाकुल परिवार के घर जाकर देहदान को संपन्न करने की सारी व्यवस्था और जरूरी पेपर वर्क के बारे में जानकारी देते हैं। इससे शोकाकुल परिवार के सदस्यों का मनोबल तो बढ़ता ही है, इसके साथ ही देहदान का कार्य भी आसानी से संपन्न हो पाता हैं। जल्द ही संस्था एवं जागरूक शहर वासियों के प्रयासों से अब कोटा का नाम नेत्रदानी नगरी के साथ-साथ देहदानी नगरी के रूप में भी जाना जा सकेगा।

नवीनीकृत आईपीआईए शाखा का उद्घाटन

कोटा, (निसं)। सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया की नवीनीकृत आईपीआईए शाखा का उद्घाटन समारोह 13 फरवरी 2026 को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित शाखा भवन का शुभारंभ बैंक के आंचलिक प्रमुख शीशराम तुन्दवाल एवं एसएसआई एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य गोविंदराम मित्तल द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में कोटा क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव त्यागी, बैंक के अधिकारीगण, कर्मचारी एवं शाखा के ग्राहकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने नवीनीकृत शाखा की सुविधाओं की सराहना करते हुए इसे ग्राहकों के लिए अधिक सुविधाजनक और आधुनिक बताया। आंचलिक प्रमुख तुन्दवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक ग्राहकों को बेहतर, तेज और सुरक्षित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नवीनीकृत शाखा में आधुनिक बैंकिंग अवसंरचना, बेहतर ग्राहक सेवा व्यवस्था तथा डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं को विशेष रूप से सुदृढ़ किया गया है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्राहकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। उद्घाटन समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

दिव्यांग ट्रेनिंग सेंटर का अवलोकन

कोटा, (निसं)। दिव्यांगजनों के कौशल विकास हेतु संचालित कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, जो दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री एजुकेशन ग्रुप द्वारा संचालित किया जा रहा है, का बुधवार को अवलोकन किया गया। इस दौरान संस्था के संरक्षक रजनीश नागर ने बताया कि अखिल भारतीय आदर्श दिव्यांग सेवा समिति के दिव्यांगजनों एवं पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की जानकारी ली। समिति के अध्यक्ष रमेश नागर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे दिव्यांगजनों से संवाद कर उनकी प्रगति जानी तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया व यूडीआईडी बनाने की पूरी जानकारी दी। संस्था के संगङ्कन मंत्री राजेश शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही रेलवे सर्टिफिकेट की बनाने जानकारी दी यूथ फॉर जॉब्स फाउंडेशन, कोटा के ट्रेनर संजय शर्मा एवं राकेश धवन ने उपस्थित दिव्यांगजनों को रोजगार के महत्व और प्रशिक्षण के फायदे के बारे में बताया। साथ में संस्था की तरफ से दिव्यांगजनों को क्रिकेट किट व सभी को पानी की बोतल भेंट की अवलोकन के दौरान यूथ फाउंडेशन सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन किया जा सके। उपस्थिति संस्था के सदस्य विश्वजीत मंडल ने कार्यक्रम के अंत में सभी से मिलकर दिव्यांगजनों के उज्ज्वल भविष्य एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया।

महादेव जी का महा रुद्राभिषेक होगा

कोटा, (निसं)। श्री महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री झरने के बालाजी मंदिर परिसर में महादेव जी का महा रुद्राभिषेक रात्रि को 12.00 बजे ब्राह्मणों द्वारा किया जाएगा। इसके बाद प्रात: 4 बजे महा आरती की जाएगी और 16 तारीख को प्रसाद वितरण किया जाएगा। प्राचीन झरने का श्रृंगार भी किया जाएगा। पंडित लोकेश शुक्ला व अध्यक्ष त्रिलोक जैन बताया कि श्री झरने के बालाजी मूर्ति प्राण प्रतिष्ङ्का महोत्सव का भव्य आयोजन पूर्व में किया गया था जिसमें कार्यकारिणी सदस्य, सहयोगी कार्यकर्ता व अन्य लोगों का सम्मान किया गया। उनके सहयोग से हुए सफल आयोजन को लेकर उनका दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर महेश गौतम लल्ली, अशोक शुक्ला, नीरज शर्मा, ललित सरदार, विनय शुक्ला, प्रेम बिहारी शर्मा, संदीप सक्सेना मनीष गौतम, पंडित लक्ष्मीकांत, सीताराम गौतम, अशोक गोयल, विशाल शुक्ला उपस्थित रहे।

आयुष्मान को रैंक-वन

कोटा, (निसं)। सिल्वरज़ोन ओलंपियाड द्वारा आयोजित एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) इनोवेशन ओलंपियाड में एलन पीएनसीएफ स्टूडेंट्स ने सफलता हासिल की है। इस प्रतिष्ङ्गित प्रतियोगिता में एलन के विद्यार्थियों ने टॉप 50 में स्थान प्राप्त किया है। एलन पीएनसीएफ हेड आरके खंगार ने बताया कि इस ओलंपियाड में कक्षा 10 के आयुष्मान जय ने ऑलंपियाड रैंक-1 प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त कक्षा 7 के कार्तिकेया भगत ने रैंक 3, कक्षा 7 के अमृषा ने रैंक 34, कक्षा 10 के अभिनव मिश्रा ने रैंक 46 तथा कक्षा 8 के आरव अग्रवाल ने रैंक 47 प्राप्त कर एलन का नाम रोशन किया। इसके अलावा, एलन के 46 विद्यार्थियों ने टॉप 100 जोनल रैंकर्स में स्थान प्राप्त कर प्रतिभा और सुदृढ़ तैयारी का प्रदर्शन किया।

कोटा संभाग के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है भाजपा सरकार का राज्य बजट: सुभाष महारिया

कोटा, (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए पूर्व केंद्र सरकार में ग्रामीण विकास एवं सार्वजनिक खाद्य वितरण राज्य मंत्री सुभाष महारिया ने कहा कि यह बजट राजस्थान के हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर जरूरत को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान करता है, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए मजबूत और टिकाऊ विकास की आधारशिला भी रखता है। महारिया नें शुक्रवार को कोटा संभाग मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता एव कार्यकर्ताओं के द्वारा उनके स्वागत समारोह को संबोधित किया।

पत्रकार वार्ता में शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन के सानिध्य में पार्टी पदाधिकारियों ने पार्टी दुपट्टा पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर, महारिया का स्वागत किया, इस दौरान मंचस्थ कोटा संभाग मीडिया संयोजक अरविंद सिसोदिया नें संचालन किया, जिला महामंत्री रितेश चित्तौड़ा एवं जिला महामंत्री रामलाल टटवाड़िया ने स्वागत किया। भाजपा नेता महारिया ने कहा कि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, देश के सर्वांगीण विकास के विजन के साथ, विश्व के विकसित देशों में सम्मिलित होने के लिए निरंतर आगे बढ़ रहा है। वहीं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट गरीब कल्याण, युवा सशक्तिकरण, महिला उत्थान और किसान समृद्धि को केंद्र में रखकर बनाया गया है। इसमें सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यटन और औद्योगिक विकास जैसे क्षेत्रों को विशेष प्राथमिकता दी गई है। जो कि हाड़ौती के नाम से विख्यात कोटा संभाग की उन्नति और विकास के लिए कटीबद्ध है। महारिया नें लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से युवा मोर्चा के समय से संबंध होना बताते हुये कहा कि कोटा को लोकसभा स्पीकर ओम जी बिरला के कारण अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है। बिरला कोटा के विकास और उत्थान के लिए निरंतर सक्रिय रहते है, उन्ही के प्रयासों से कोटा में अंतर्राष्ट्रीय मानकों का हवाई अड्डा बन रहा है। उन्होंने पूर्व सांसद रघुवीर सिंह कौशल को याद करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना पर उन्होंने बहुत काम किया था। उन्होंने कहा कि कोटा के भाजपा जनप्रतिनिधि और नेता कोटा की बहुत चिंता करते है और हमेशा कुछ न कुछ कोटा को मिले यह कोशिश करते रहते है। महारिया ने कोटा के दशहरा मेला को भी याद करते हुये कहा कि में इस मेले में आया था और मुझे कोटा आना बहुत ही अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी राजस्थान जहां रेगिस्तान है वहीं कोटा आर्थिक नगरी है और कोटा संभाग उपजाऊ भूमि सम्पन्न है। राजस्थान में कोटा संभाग का विशेष स्थान है। कोटा शहर और कोटा संभाग राजस्थान का सबसे तेजी से विकसित हो वाला संभाग है। उन्होंने परवन सिंचाई योजना और नोनेरा बांध और दाई मुख्य नहर से लिफ्ट एरिकेशन द्वारा ग्रामीण सिंचाई का जिक्र किया। महारिया नें कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हमेशा कर्मचारी हितों का ध्यान रखती है और अन्य प्रांतों की अपेक्षा अधिक देने की ही कोशिश हमेशा रहती है। समस्या, समाधान और सुधार की एक सतत प्रक्रिया है जो निरंतर चलती रहती है। उन्होंने कहा- प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को दूसरे राज्यों से ज्यादा फायदा मिलता है। कर्मचारियों की जॉइनिंग से लेकर अब तक के मैक्सिमम बेनिफिट्स भाजपा सरकारों ने दिए हैं। इसमें 1977 से लेकर 2023 में बनी सरकार के बीच सभी भाजपा शासन में फायदा दिया। नए कर्मचारियों की भर्ती भी जनसंख्या के लिहाज से चार लाख करने का प्रावधान सरकार का है। महारिया नें कहा कि राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा निरंतर दिल्ली के संपर्क में रहते है, वे केंद्रीय मंत्रियों से मिलते है और राजस्थान के लिए भिन्न-भिन्न योजनाओं और मंत्रियों से कुछ न कुछ लाते रहते है। जिससे राजस्थान प्रगति में, जन सेवा में लगातार अग्रणी हैं। उन्होंने बताया कि बजट में राजस्थान के लिए कई नई विकास योजनाओं की घोषणा की गई है, जिनमें पक्की सड़क कनेक्टिविटी, हर घर नल से जल योजना के विस्तार, मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग संस्थानों में संसाधन विकास, जिला स्तर पर आधुनिक खेल स्टेडियम, युवाओं के लिए कौशल विकास केंद्र तथा महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक सहायता जैसी योजनाएं प्रमुख हैं। महारिया ने कहा कि किसानों के हित में सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार, सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देने, कृषि उत्पादों के भंडारण के लिए गोदामों के निर्माण तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बजट में ड्ढोस प्रावधान किए गए हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी ।

लोकसभा अध्यक्ष

कोटा/जयपुर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शनिवार से कोटा-बून्दी के 6 दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। शनिवार को दोपहर 1 बजे वे कनवास में प्रस्तावित राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के शिलान्यास एवं 132 केवी जीएसएस के लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे।

NAME CHANGE

I Hemraj Sharma Son Of Shimbhu Dayal Sharma My Army No. 6949710H Rank NK/DVR 18 ROU c/o 56-APO of Village Duhar Chogan Teh. Thanagazi Distt Alwar State Rajasthan I have Changed my Father name Shimbu Dayal Sharma to Shimbhu Dayal Sharma to all future will be known as Shimbhu Dayal Sharma

टीकेडी शेड में हुआ सफल परीक्षण

■ दो विद्युत इंजनों की धुलाई कर प्रणाली की कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया।

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल अंतर्गत टीकेडी विद्युत लोको शेड में देश का पहला स्वचालित लोको धुलाई संयंत्र स्थापित किया गया है। मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में स्थापित इस आधुनिक संयंत्र का सफल परीक्षण किया गया, जिसमें दो विद्युत इंजनों की धुलाई कर प्रणाली की कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया। संयंत्र का विधिवत कमीशनिंग कार्य शीघ्र संपन्न किया जाएगा। यह परियोजना लगभग 1.74 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित की गई है। वर्तमान में संयंत्र परीक्षण चरण में है तथा निर्धारित समय सीमा के अनुरूप इसे शीघ्र संचालन में लाया जाएगा। यह परियोजना वरिष्ङ्ग मंडल विद्युत इंजीनियर (ट्रैक्शन रोलिंग स्टॉक) मोहन सिंह मीणा के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में स्थापित की जा रही है। वरिष्ङ्ग मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि स्वचालित लोको धुलाई संयंत्र की परिचालन क्षमता अत्यंत प्रभावी है। एक इंजन की धुलाई में अधिकतम 10 मिनट का समय लगता है तथा वर्तमान व्यवस्था के अनुसार प्रतिदिन न्यूनतम 25 इंजनों की धुलाई की जा सकती है। प्रति इंजन अधिकतम 350 लीटर ताजे जल का उपयोग किया जाता है, जबकि उपयोग किए गए जल का 75 से 80 प्रतिशत पुनर्चक्रित किया जाता है। वरिष्ङ्ग मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि यह संयंत्र न केवल इंजनों की धुलाई प्रक्रिया को तेज, आधुनिक एवं मानकीकृत बनाएगा, बल्कि जल संरक्षण एवं पर्यावरणीय दायित्वों के निर्वहन की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। इससे रखरखाव प्रणाली में गुणवत्ता, समयबद्धता तथा स्वच्छता के उच्च मानक स्थापित होंगे।

संभागीय आयुक्त ने स्कूलों का निरीक्षण किया

■ नोटिस के बाद भी अवैध निर्माण नहीं हटाया

बूंदी। संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अठावाल ने शुक्रवार को पीएमश्री विद्यालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में कक्षा तीन की एक छात्रा को सफाई करते देख संभागीय आयुक्त ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने स्कूल प्रशासन को भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।शुक्रवार को संभागीय आयुक्त राजकीय पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय बरूंधन पहुंचे, इस दौरान यहां बोर्ड परीक्षाएं संचालित हो रही थीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि कक्षा तीन और पांच के विद्यार्थी एक ही कक्ष में बैठकर पढ़ रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर कक्षा तीन की एक छात्रा पर पड़ी जो कक्षा कक्ष में सफाई कर रही थी।इस पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संस्था प्रधान को स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में किसी भी छात्र-छात्रा से सफाई न करवाई जाए। उन्होंने कहा कि सफाई की व्यवस्था एसएमसी या एसएमडीसी के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। यदि दोबारा बच्चों से काम करवाते पाया गया, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। संभागीय आयुक्त ने विद्यालय प्रशासन को पीएम श्री विद्यालयों के निर्धारित मापदंडों की पूर्ण पालना करने और बेहतर शिक्षण व्यवस्था के जरिए नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए। इस पर प्रधानाचार्य ने विद्यालय में संसाधनों की कमी का हवाला देते हुए अवगत कराया कि छात्रों की संख्या के अनुपात में कक्षा कक्ष कम हैं। विद्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए कम से कम 6 अतिरिक्त कमरों की दरकार है। विद्यालय के बाद संभागीय आयुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरूंधन का निरीक्षण किया, जहां अव्यवस्थाएं निशुल्क दवा वितरण और जांच योजना का रिकॉर्ड रजिस्टर में सही ढंग से संधारित नहीं था। पिछले कई दिनों से ऑनलाइन डेटा का इंद्राज नहीं किया जा रहा था। आयुर्वेदिक चिकित्सा के तहत भी ओपीडी रजिस्टर में मरीजों की एंट्री नियमित नहीं मिली। अस्पताल के बाहर लगा डॉक्टर ड्यूटी चार्ट काफी पुराना था, जिसे तत्काल अपडेट करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री नि:शुल्क जांच योजना का पूरा लाभ रोगियो मिले। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय व पीएमश्री विद्यालय परिसर में बाल वाटिका और आंगनबाड़ी केंद्र दोनों संचालित हैं।

विवाधको के स्थिरीकरण के लिए सम्मन

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय सिविल न्यायाधीश, भवानीमण्डी

राजेन्द्र कुमार

बनाम

राजस्थान सरकार व अन्य

वाद बाबत घोषणात्मक डिक्री हेतु

केस नम्बर 07/2025

जन सामान्य को सूचना

जन सामान्य को सूचित किया जाता हैं कि राजेन्द्र कुमार ने राजस्थान सरकार व अन्य के विरूद्ध एक वाद इस आशय का पेश किया कि वादी राजेन्द्र कुमार के पिताजी बालचन्द आत्मज किशन लाल जाति मेहर निवासी आंवलीकलाँ तहसील पचपहाड़ जिला झालावाड़ (राज.) पिछले 08 वर्ष से लापता हैं जो आज तक वापस नही आये है इसलिए उनकी मृत्यु हो जाने बाबत घोषणात्मक डिक्री जारी की जावे तथा उक्त वाद न्यायालय में विचाराधीन है। इस वाद की सुनवाई के लिए आगामी तारीख 07 माह 03 सन् 2026 नियत की गई है।

अतः इस वाद में हर खास एवं आम को कोई आपत्ति हो तो स्वयं या प्लीडर या प्राधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करे।

यह आज तारीख 13 माह 02 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

आदेशानुसार
रीडर
सिविल न्यायाधीश भवानीमण्डी
जिला झालावाड

आरएसी कांस्टेबल ने किया सुसाइड

कोटा, (निसं)। दादाबाड़ी थाना इलाके में आरएएसी मे तैनात कांस्टेबल ने सरकारी आवास में फांसी का फंदा लगाकर सुसाईड कर लिया। जानकारी के अनुसार कांस्टेबल प्रेमशंकर गुरूवार शाम को ड्यूटी को समाप्त कर अपने सरकारी क्वाटर पर पहुंचा। कांस्टेबल ने घर में फांसी का फन्दा लगा लिया, जिसे परिजन व उसके साथी नीचे उतारकर अस्पताल लाये। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक कांस्टेबल कमांडो की ट्रेनिंग कर चुका था। दादाबाड़ी थानाधिकारी बलदेव राम ने बताया कि एक जवान द्वारा उसके सरकारी क्वाटर में सुसाईड करने की सूचना मिली थी। मृतक मूल रूप से जिला बूंदी के जरखोदा गांव निवासी कांस्टेबल प्रेमशंकर था, जो आरएसी सेंकड बटालियन में पोस्टेड था।

केट वीमेन विंग ने प्रोफेशनल महिलाओं के साथ बजट पर परिचर्चा की

कोटा, (निसं)। केट वीमेन विंग, कोटा द्वारा इन्द्रप्रस्थ इण्डस्ट्रियल एरिया स्थित राजरानी टॉवर में प्रोफेशनल महिलाओं व ऑन्ट्रप्रयूनर के साथ केंद्रीय बजट पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों कॉरपोरेट, शिक्षा, स्वास्थ्य, वकालत, सौन्दर्य, बैंकिंग और उद्यमितासे जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया और बजट में महिलाओं, मध्यम वर्ग तथा लघु उद्योगों के लिए किए गए प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा व जानकारी दी गई। केट वीमेन विंग की ज़िलाध्यक्ष नीलम विजय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित 2047 पर आधारित बजट नए भारत की आधुनिक, पारदर्शी और परिणामोन्मुख कार्य संस्कृति का ऐतिहासिक प्रतीक है। गैर राजनीतिक बजट चर्चा मे मोदी सरकार ने शी मार्ट की घोषणा की है, जहां स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों और स्टार्टअप से जुड़ी महिलाएं अपने उत्पाद सीधे ग्राहकों तक पहुंचा सकेंगी। लखपति दीदी के बाद अब ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर उद्यमी बन सकेंगी। प्रत्येक जिले में हॉस्टल और आसान ऋण की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन सचिव भाविका प्रीत रामानी ने किया मुख्य वक्ताओं में वरिष्ङ्ग एडवोकेट कल्पना शर्मा ने महिलाओं को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कोटा विश्वविद्यालय में प्रोफेसर डॉक्टर अनुकृति शर्मा ने शिक्षा और कौशल विकास को प्रगति की कुंजी बताया। वरिष्ङ्ग सीए कोमल वासवानी ने बजट के वित्तीय प्रावधानों और महिला उद्यमियों के लिए उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला। ब्यूटिशियन वंशिका बजाज ने अपने उद्यमिता अनुभव साझा करते हुए महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। महिला सेवा में अग्रणी सपना प्रजापति ने संगङ्गित नेतृत्व की आवश्यकता पर बल दिया। सीए अनुराधा माहेश्वरी ने महिला व्यापारियों के लिए कर संरचना और वित्तीय अनुशासन की महत्ता बताई तथा महिलाओं को मिलने वाले सरल ऋण की जानकारी भी दी। स्किल शिक्षा से जुड़ी प्रियंका सिंह ने महिलाओं को नए अवसरों को अपनाने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया व आराधना सोशल ग्रुप से सरोज मिश्रा ने महिलाओं की विविध गतिविधियों की जानकारी दी। डॉक्टर अपर्णा शर्मा एवं डॉक्टर सुभी गुप्ता ने भी होम्योपैथी से जुड़े कहीं विषयों पर प्रकाश डाला। परिचर्चा के दौरान जुड़े प्रतिभागियों ने महिला उद्यमिता को बढ़ावा-स्टार्टअप और एमएसएमई सेक्टर में महिलाओं के लिए आसान ऋण और कर राहत व कर व्यवस्था में बदलाव।

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका मांगरोल जिला-बारां (राज.)

क्रमांक:-न.पा.मा./भूमि/2026/4429 प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए) दिनांक : 11.2.2026

लोक सूचना

श्री हितेश कुमार शर्मा पुत्र श्री हरिओम शर्मा निवासी मांगरोल जिला बारां (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के व्यवसायिक पेट्रोल पम्प उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
जिला-बारां तहसील-मांगरोल	राजस्व ग्राम मांगरोल	5443/5335 रकबा 0.8 है. व 5407/5336 रकबा 0.14 है. में से 0.0425 है.	1225 वर्गफीट

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 11.2.2026 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी अधिशासी अधिकारी न.पा. मांगरोल

राजस्थान सरकार

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अधीन

नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

मुकदमा नम्बर 50/2026

श्री सुरेश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री रामेश्वर लाल अग्रवाल, निवासी म.नं. 1-ट-17 विज्ञान नगर, कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(2) के अन्तर्गत प्रन्यास ''अग्रवाल समाज सेवा संस्था'' 16 झालावाड रोड,कोटा के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा ।

आज दिनांक 12.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 17.04.2026 है।

सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा

गंभीर बीमारियों से जागरूकता एवं सावधानी से बचाव संभव : डॉ. अग्रवाल

■ विशेषज्ञों के साथ प्रत्यक्ष संवाद ने छात्राओं की शंकाओं का समाधान किया तथा उनमें आत्म-देखभाल के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ मीरा गुप्ता एवं डॉ बिंदु चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे

बूंदी। राजकीय कला कन्या महाविद्यालय के एनसीसी आर्मी विंग द्वारा कैडेट्स का गरिमामय सम्मान समारोह एवं छात्राओं के हित में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर प्राचार्या डॉ. सीमा चौहान की अध्यक्षता और एनसीसी अधिकारी डॉ. पारुल सिंह के संयोजन में आयोजित हुआ। राष्ट्र स्तर पर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित करने वाली एनसीसी कैडेट्स के सम्मान तथा छात्राओं में स्वास्थ्य, स्वच्छ